Publication	Hindustan
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	20
Date	1st October 2017

हिन्दुस्तान

साइबर सिटी के दर्जनों स्थानों पर बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया

मेघनाद, कुंभकरण और रावण का दहन किया

शहर की रामलीला

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। दर्जनों स्थानों पर रावण, मेघनाद, कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। विजय के उल्लास में भव्य आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला।

गौशाला ग्राउंड पर आयोजित दशहरा उत्सव देखने के लिए शाम से ही लोग पहुंचना शुरू हो गए। श्री दुर्गा राम लीला कमेटी की ओर से अंतिम दिन रामलीला का मंचन ग्राउंड पर ही किया गया। समारोह में सीता वाटिका, राम दरबार का रथ आकर्षण के केंद्र रहे। भगवान राम और रावण के बीच मनमोहक युद्ध दृश्य का चित्रण किया गया, जिसके बाद भगवान राम ने रावण का युद्ध किया। गौशाला ग्राउंड में 55 फीट के रावण में भगवान राम ने तीर चलाकर दहन किया। खास बात यह रही कि कमेटी की ओर से किसी भी नेता को रावण दहन के लिए नहीं बुलाया गया।

वहीं सेक्टर-29 स्थित लेजर वैली पार्क में बालाजी धार्मिक समिति की ओर से दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देर शाम करीब 7.30 बजे रावण दहन किया गया। जीएमडीए प्रमुख आनंद मोहन शरण ने रावण दहन किया। उन्होंने कहा कि यह बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत है। देश हित में हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम आसपास का माहौल सुधारेंगे।

गुरुग्राम में दशहरा मेला समिति की ओर से शनिवार को दशहरा पर्व पर धू-धू कर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले जले।

प्रदूषण मुक्त दशहरा मनाया

सेक्टर-82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट क्लब लॉन्स में प्रदूषण मुक्त ग्रीन दशहरा मनाया गया। लेजर, लाइट और साउंड के माध्यम से रावण दहन किया गया। इस मौके पर नृत्य प्रदर्शन के साथ अन्य कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्थानीय निवासी इति दास ने कहा कि प्रदूषण रहित दशहरा मनाना, उत्सवों की अवधारणा के प्रति एक बड़ा कदम है। लेजर, लाइट और साउंड शो का मंचन हुआ। वहीं सोसायटी के अध्यक्ष एके सिंह ने कहा कि प्रदूषण मुक्त दशहरा मनाने का उद्देश्य लोगों को बताना है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। त्यौहार हमेशा लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़ते हैं।